## रोटावेटर की चपेट में आने से किसान की दर्दनाक मौत

# मासूम बेटे की आंखों के सामने हुए पिता की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



मोहगांव क्षेत्र में खेत जुताई के दौरान एक बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ रोटावेटर की चपेट में आने से एक 38 वर्षीय किसान की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि किसान का शरीर पांच हिस्सों में कट गया। सबसे दुखद पहलू यह है कि इस पूरी घटना को मृतक के 12 वर्षीय बेटे ने अपनी आँखों से देखा।

मिली जानकारी के अनुसार, मृतक गणेश कलंबे (38) अपने ही खेत में ट्रैक्टर से जुताई का काम करवा रहे थे। खेत में ट्रैक्टर मोहगांव निवासी मुकेश चला रहा था। इस दौरान गणेश कलंबे ट्रैक्टर के पीछे लगे रोटावेटर के नट कसने के लिए नीचे उतरे थे। उसी वक्त अचानक ट्रैक्टर आगे बढ़ गया, जिससे गणेश का संतुलन बिगड़ गया और वे सीधे घूमते हुए रोटावेटर के तेज धारदार ब्लेडों की चपेट में आ गए। देखते ही देखते उनकी दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के समय गणेश का 12 वर्षीय बेटा भी खेत पर मौजूद था। पिता को अपनी आँखों के सामने रोटावेटर में फंसकर क्षत-विक्षत होते देखने के बाद हालत खराब है।

घटना की सूचना मिलते ही मोहगांव पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।मृतक गणेश अपने पीछे एक लड़का दो लड़की पत्नी एवं माता को छोड गए है। इस अकल्पनीय घटना ने पूरे मोहगांव क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर व्याप्त है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा मंडल बिछुआ द्वारा किया गया पौधारोपण



**बिछुआ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा मंडल बिछुआ द्वारा नगर परिषद बिछुआ में स्थित मोक्षधाम में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। उपस्थित जनों ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी देखभाल करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सभी ने हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण हेतु जनजागरण का आह्वान किया।इस अवसर पर भाजपा मंडल बिछुआ द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया,हम सभी अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर प्रकृति को सुरक्षित रखने का संकल्प लें इस हेतु संकल्प लिया गया।इस दौरान मुख्य रूप से जिला संगठन से कार्यक्रम मंडल प्रभारी जिला मंत्री लक्ष्मीकांत(गोलू)नागरे,मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े,नगर परिषद अध्यक्ष रामचन्द्र बोबड़े,जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,मंडल उपाध्यक्ष भोजेलाल वर्मा,बलदेव बोबडे,पार्षद बबलू आरगुड़े,दीपक चोपड़े,रजत वानखेड़े,मिथुन कटारे,मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### तामिया में धार्मिक स्थल स्थित हैंडपंप को सुधारने में उपयंत्री नहीं ले रहे रुचि

## बंद हैंडपंपों से बढ़ा जल संकट, उपयंत्री की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया, बाबा ठाकुर

तामिया क्षेत्र में पीएचई विभाग के अंतर्गत तैनात उपयंत्री राजवीर तोमर की कार्यप्रणाली एक बार फिर चर्चाओं में है। जनपद क्षेत्र क्रमांक-3 के सदस्य देवी सिंह उइके ने उनकी कार्यशैली को लेकर कलेक्टर को लिखित शिकायत भी सौंपी है। आरोप है कि क्षेत्र के अधिकांश हैंडपंप लंबे समय से बंद पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है।

बिजौरी पंचायत के राजथरी, जोगी मुआर सहित कई गांवों में लोग झिरिया के पानी से दैनिक जरूरतें पूरी करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हैंडपंप सुधार के लिए किससे संपर्क किया जाए, इसकी जानकारी तक नहीं है। आरोप है कि उपयंत्री न तो ग्राम पंचायतों से नियमित संपर्क रखते हैं और न ही जनप्रतिनिधियों से संवाद करते हैं, जिससे जमीनी समस्याओं की जानकारी उन तक नहीं पहुंच पाती।लापरवाही का असर अब धार्मिक स्थलों पर भी दिखाई देने लगा है। तामिया की जामा मस्जिद के सामने लगा हैंडपंप कई दिनों से खराब पड़ा है। स्थानीय निवासी श्याम सेन ने इसकी शिकायत उपयंत्री को मोबाइल पर दी, लेकिन अब तक सुधार कार्य नहीं कराया गया।

शुक्रवार को नमाज अदा करने पहुंचे लोगों को पानी की परेशानी झेलनी पड़ी। मस्जिद समिति द्वारा टांके में संग्रहित पानी से ही नमाजियों ने वजू कर नमाज अदा की।यह हैंडपंप साप्ताहिक बाजार में आने वाले ग्रामीणों के लिए भी पानी का प्रमुख स्त्रोत है। भीषण गर्मी के बीच हैंडपंप बंद रहने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है और विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# पानी पर बैठक बेनतीजा, पीएचई अधिकारी सरपंचों के निशाने पर

### जलापूर्ति में देरी, फेल टंकी और अव्यवस्थाओं पर उठे सवाल, 4 दिन में पानी सप्लाई का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



जनपद सभा कक्ष परासिया में पानी को लेकर बैठक हुई । जिसका नतीजा सिफर यानि कि शून्य जैसा रहा । पर पूरी बैठक के दौरान पी एच ई अधिकारी सरपंचोंके निशाने पर रहे । अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एस डी एम शुभम यादव की अध्यक्षता और जनपद अध्यक्ष आशा अशोक आम्रवंशी , उपाध्यक्ष जमील की विशेष उपस्थिति में हुई।

बैठक में ग्राम पंचायत अंबाड़ा , इकलेहरा , भाजीपानी , भमोड़ी और जाटाछापर में पेयजल अपूर्ति में दिनों के अंतराल और पानी से जुड़ी अन्य समस्याओं को लेकर चर्चा हुई । बैठक में मौजूद पी एच ई अधिकारी एच के वर्मा उक्त सभी पंचायतों के सरपंचों के निशाने पर रहे । बैठक की शुरुआत में जिला पंचायत सदस्य अरुण यदुवंशी ने भमोड़ी पंचायत के दो वार्ड जो नार्थ चांदामेटा में आते हैं , यहां व्याप्त पानी की समस्या का मुद्दा उठाया । उन्होंने कहा , कि इन वार्डों में लोगों को पानी नहीं मिलता है । जिस पाइपलाइन से जाटाछापर को पानी सप्लाई होता है , वहां से एक कनेक्शन निकाल कर नार्थ चांदामेटा को सप्लाई दी जाए ।

जिस पर उपाध्यक्ष जमील खान ने कहा , कि ऐसा किया जाएगा तो जाटाछापर में पानी की समस्या हो जाएगी । उन्होंने सुझाव दिया , कि एक अलग पाइप लाइन बिछाकर नार्थ चांदामेटा को पानी दिया जा सकता है । इसके लिए उन्होंने ने जनपद की ओर से सहयोग उपलब्ध कराने की बात कही । भमोड़ी सरपंच विपिन श्रीवास्तव ने भमोड़ी में बनाई गई डेढ़ लाख लीटर पानी की क्षमता वाली टंकी का मुद्दा उठाया । उन्होंने कहा , कि यह टंकी 3 साल पहले बनी है , लेकिन उसमें पानी नहीं है । टंकी का डिज़ाइन , ड्राइंग बेकार है । टंकी फेल है । इसके लिए इंजीनियर सहित हर उस व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए जिनके आदेश और निर्देश पर टंकी बनी है । अंबाड़ा सरपंच भारती उइके ने पंचायत में अवैध कनेक्शन को काटे जाने की बात कही , जिस पर एस डी एम श्री यादव ने अच्छी तरह बारिश लगने के बाद ही अवैध कनेक्शन काटे जाने की बात कही । इकलेहरा सरपंच साधना दास ने पानी सप्लाई का अंतराल कम किए जाने की मांग रखी । सभी सरपंचों ने बताया , कि उनके क्षेत्र में 6 दिनों के अंतराल में पानी सप्लाई होता है । इस कम करके 4 दिनों के अंतराल में सप्लाई की जाए । जनपद सदस्य संतोषी डेहरिया ने कहा , कि बारिश लगने वाली है । इस से पहले कई बार पानी सप्लाई की व्यवस्था सही करने को लेकर बैठक हुई , लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला । पी एच ई अधिकारी एच के वर्मा ने कहा , कि इन पंचायत क्षेत्रों में 4 दिनों के अंतराल में ही पानी दिया जाता है , कभी - कबार ब्रेक डाउन की वजह से एक दो दिन विलम्ब होता है । बहरहाल चर्चा में 4 दिनों के अंतराल में सप्लाई करने का निर्णय हुआ ।

## 'पेड़ चातुर्मास' का शुभारंभ, नुक्कड़ नाटक ने जीता सबका दिल

**छिंदवाड़ा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि (जिला छिंदवाड़ा) एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम मल्हानबाड़ा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में एक गरिमापूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जलवायु परिवर्तन के समाधान हेतु ‘पेड़ चातुर्मास’ अभियान के तहत वृहद पौधरोपण, बीजारोपण एवं मंदिर प्रांगण में 'नवग्रह वाटिका' की स्थापना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक योग, ध्यान और संगोष्ठी से हुई। इस आयोजन में जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रस्तुत किया गया नुक्कड़ नाटक मुख्य आकर्षण रहा। नाटक के माध्यम से उपस्थित जनसमुदाय को पर्यावरण संरक्षण का बेहद मार्मिक और प्रभावी संदेश दिया गया। इस सफल नाटक का निर्देशन डॉ. पवन नेमा एवं सह-निर्देशन ऋषभ स्थापक द्वारा किया गया। मंच पर कलाकार के रूप में प्रवीण वान्दे एवं शिवांग भारद्वाज ने अपने जीवंत अभिनय से समां बांध दिया। नाटक की प्रभावशीलता और कलाकारों के शानदार अभिनय की उपस्थित सभी अतिथियों और ग्रामीणों ने जमकर सराहना की।

# दो करोड़ की सड़क या दो महीने की मेहमान?

**आधी रात में चल रहा डामरीकरण, गुणवत्ता पर उठे सवालजनप्रतिनिधियों की चुप्पी से बढ़ा संदेह, नागरिक बोले— सड़क निर्माण नहीं, हो रही खानापूर्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

नगर में लोक निर्माण विभाग (PWD) द्वारा मुख्य मार्ग की सड़क की मरम्मत का कार्य इन दिनों तेजी से किया जा रहा है, लेकिन निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से हो रहे इस कार्य को लेकर नागरिकों का आरोप है कि यह मरम्मत कम और खानापूर्ति ज्यादा नजर आ रही है।



स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क पर आधी रात को बिना किसी जिम्मेदार अधिकारी की मौजूदगी के डामर की फाइनल कोटिंग की जा रही है। हैरानी की बात यह है कि इस दौरान न तो यातायात को डायवर्ट किया गया और न ही सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए, जिससे निर्माण कार्य की पारदर्शिता और गुणवत्ता दोनों पर सवाल उठ रहे हैं।

नागरिकों का कहना है कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पुरानी सड़क पर लगे प्लास्टिक स्पीड ब्रेकर डामर की दो परतें चढ़ने के बाद भी स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि पहली ही बारिश में सड़क की परत उखड़ सकती है और करोड़ों रुपये का यह काम बेकार साबित हो सकता है।

सूत्रों के मुताबिक निर्माण कार्य की निगरानी कर रहे विभागीय उपयंत्री इसी माह सेवानिवृत्त होने वाले हैं, जबकि निर्माण एजेंसी के विभागीय अधिकारियों से करीबी संबंध होने की चर्चाएं भी नगर में जोरों पर हैं। इससे पूरे मामले में निष्पक्ष निगरानी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि नगर के बीचों-बीच चल रहे इस निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के जनप्रतिनिधि पूरी तरह मौन दिखाई दे रहे हैं। जनता पूछ रही है कि आखिर करोड़ों रुपये के इस काम पर निगरानी कौन करेगा और यदि निर्माण में अनियमितता हो रही है तो जिम्मेदारी किसकी होगी?

नगरवासियों ने जिला प्रशासन से सड़क निर्माण की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराकर गुणवत्ता सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि जनता के टैक्स के पैसे से बनने वाली सड़क पहली बारिश में ही जवाब न दे जाए।

### जनता का सवाल

जब सड़क बनने से पहले ही उसकी गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं, तो क्या पहली बारिश के बाद जवाबदेही तय होगी या फिर जनता को एक बार फिर गड्ढों और बहानों के सहारे छोड़ दिया जाएगा?

## विश्व पर्यावरण दिवस पर चौरई में चला जल संरक्षण महाअभियान

**चौरई/छिंदवाड़ा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून 2026 को विकासखंड चौरई में जल गंगा संवर्धन अभियान के तृतीय चरण अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं जल स्रोत संवर्धन को लेकर व्यापक जनभागीदारी के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार आयोजित इस अभियान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों, महिलाओं, युवाओं एवं ग्रामीणजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए जल संरक्षण और स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया।कार्यक्रम जिला कलेक्टर हरेंद्र नारायण के मार्गदर्शन, जिला समन्वयक अखिलेश जैन के निर्देशन तथा विकासखंड समन्वयक अफशा खान की उपस्थिति में संपन्न हुआ। विकासखंड चौरई के पांचों सेक्टरों में स्थित ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों द्वारा श्रमदान कर कुओं, नदियों, हैंडपंपों तथा अन्य जल स्रोतों की साफ-सफाई की गई। ग्रामीणों ने सामूहिक श्रमदान के माध्यम से जल संरचनाओं को स्वच्छ एवं संरक्षित रखने का संदेश दिया।विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक अफशा खान ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का आयोजन नहीं।

# नगर निगम की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई, सड़क पर रखा सामान जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर निगम आयुक्त श्री सी.पी. राय के निर्देशानुसार शनिवार को नगर निगम की टीम द्वारा शनिचरा बाजार, पानी टंकी के पास स्थित शनिचरा मार्केट, गंज स्कूल एवं जनसेवक स्कूल के आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। नगर निगम द्वारा पूर्व में उद्घोषणा (अनाउंसमेंट) के माध्यम से सभी व्यापारियों एवं हाथ ठेला संचालकों को सार्वजनिक सड़कों पर अतिक्रमण न करने तथा मार्ग बाधित न करने की हिदायत दी गई थी। इसके बावजूद निरीक्षण के दौरान कुछ व्यापारियों द्वारा सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण किए जाने और आवागमन बाधित किए जाने की स्थिति पाई गई। इस पर नगर निगम की टीम ने संबंधित व्यापारियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सड़क पर रखा सामान जब्त किया। अधिकारियों ने पुनः चेतावनी दी कि सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी। इसके अतिरिक्त गांधी गंज क्षेत्र में भी अनाउंसमेंट के माध्यम से सभी दुकानदारों एवं व्यापारियों को सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण न करने तथा यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने की हिदायत दी गई। नगर निगम ने नागरिकों एवं व्यापारियों से सहयोग की अपील करते हुए शहर को अतिक्रमण मुक्त रखने में सहभागिता निभाने का आग्रह किया।

## फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा, दावा-आपत्ति की अवधि 15 जून तक बढ़ी

आगामी नगरीय निकाय चुनावों की तैयारियों के तहत एसडीएम श्री सुधीर जैन ने नगर निगम सभा कक्ष में नगर पालिका निगम छिंदवाड़ा की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2026 की समीक्षा बैठक ली। बैठक में प्राधिकृत अधिकारियों के साथ दावा एवं आपत्तियों की संशोधित अवधि, प्राप्त आवेदनों तथा मतदाता सूची को अधिक से अधिक त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार दावा-आपत्ति एवं नए नाम जोड़ने की अवधि, जो पूर्व में 15 मई से 25 मई 2026 तक निर्धारित थी, उसे बढ़ाकर अब 15 जून 2026 को दोपहर 3 बजे तक कर दिया गया है। आयोग के निर्देशानुसार सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने तथा त्रुटियों के सुधार का अवसर प्रदान किया जा रहा है। समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि नगर निगम क्षेत्र में विधानसभा मतदाता सूची के आधार पर लगभग 1 लाख 89 हजार मतदाता दर्ज हैं। वहीं नए नाम जोड़ने के लिए अब तक 465 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बैठक में दावा-आपत्तियों के निराकरण एवं प्राप्त आवेदनों की वर्तमान स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। श्री जैन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण की जाए। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल नहीं है, विशेषकर विवाह के बाद नगर क्षेत्र में निवास करने वाली महिलाओं अथवा अन्य कारणों से जिनका नाम दर्ज नहीं हो पाया है, तो वे अपने संबंधित वार्ड के निर्धारित मतदान केंद्रों पर जाकर आवेदन प्रस्तुत करें। बैठक में मास्टर ट्रेनर श्री पी.एन. सनेसर, नगर निगम के श्री महेश साहू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आवागमन हुआ चालू, कांग्रेस ने बांटी मेलोडी



**परासिया :-** 7 माह बाद परासिया - तामिया मार्ग में आवागमन चालू होने से दुपहिया वाहन चालकों को राहत मिली है । जल्द ही यह मार्ग सभी के लिए चालू कर दिया जाएगा । इसी खुशी में कांग्रेस के लोगों ने व्यापारियों और अन्य लोगों को मेलोडी चॉकलेट खिलाकर मुँह मीठा कराया । मेलोडी ही क्यों खिलाई गई ? बताने की जरुरत नहीं है । शुक्रवार को अंडर पास आमजनों के आवागमन के लिए खोले जाने पर कांग्रेस अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह के नेतृत्व में कोंग्रेसी परासिया पिपरिया रेलवे अंडरपास पहुंचे एवं फीता काटकर अंडरपास को शुरू किया । वहीं कांग्रेस अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह ने अंडरपास शुरू करने को लेकर रेलवे एवं स्थानीय प्रशासन का आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमल राय , नगर कांग्रेस अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह , युवक कांग्रेस अध्यक्ष उत्कर्ष वाल्मिक , मोंटी खान , गगन खंडूजा , अमजद खान , सुशील जायसवाल , मुकुल दुबे , पार्षद रुकमा बंसोड़ , पार्षद बृजेश भलावी , महिला अध्यक्ष अंजली श्रीवास्तव , सेवादल अध्यक्ष सुरेंद्र झाड़े , युवक कांग्रेस नगर अध्यक्ष स्वप्निल करानिया , राकेश शर्मा , जुगल विश्वकर्मा , आनंद भारती , स्थानीय व्यापारी एवं आमजन उपस्थित थे । आवागमन शुरू होने की खुशी में चॉकलेट बांटी गई ।

### सागौन माफियाओं पर मेहरबानी के आरोपों में घिरी वन परिक्षेत्र अधिकारी

# लकड़ी तस्कर को तस्कर कहने पर मैडम को है आपत्ति...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई, भुजेन्द्र शर्मा

अभी हाल ही में मुखबिर की निशानदेही पर उमरिया पोस्ट बिछुआ स्थित युसुफ पिता शेख अब्बास अंसारी के गोसिया फनीर्चर मार्ट में दबिश देकर सागौन की लकड़ियां जब्त की गई और फर्नीचर मार्ट को सीलबंद कर दिया गया तथा अपराध पंजीबद्ध किया गया। इसके बावजूद भी वनपरिक्षेत्र अधिकारी बिछुआ को इस आपराधिक को तस्कर कहने में बेहद आपत्ति है। अभी हाल ही में की गई कार्यवाही पर जब चर्चा करने हरिभूमि के पत्रकार श्री शर्मा पहुंचे तो मैडम भड़क गई और बोली जो छापना है छाप दो। मैडम का व्यवहार से स्पष्ट है कि शिकायतकर्ता का नंबर और छापे के पूर्व जो गुप्त सूचना लीक की गई वह कहां से की गई है।



चौरई वन परिक्षेत्र में सागौन तस्करी के बड़े खुलासे के बाद अब वन विभाग खुद कठघरे में खड़ा नजर आ रहा है। अवैध सागौन कारोबार पर हुई कार्रवाई के बाद वन परिक्षेत्र अधिकारी वंदना पाल की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। सूत्रों का दावा है कि क्षेत्र में होने वाली कई कार्रवाईयों की सूचना पहले ही सागौन माफियाओं तक पहुंच जाती है, जिसके चलते बड़े तस्कर हर बार बच निकलते हैं।

सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि इस पूरे मामले में जब मीडिया टीम वन विभाग का पक्ष जानने पहुंची, तो वन परिक्षेत्र अधिकारी कथित तौर पर सवालों से बचती नजर आईं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उन्होंने तीखे लहजे में कहा “आप कौन होते हैं सवाल पूछने वाले मैं जवाब अपने DFO को दूंगी। आपको कोई जानकारी नहीं मिलेगी जो छापना है छाप दो” इस कथित बयान के बाद विभाग की कार्यशैली और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

## रेड से पहले माफियाओं तक पहुंच जाती है खबर

"सूत्रों के अनुसार चौरई रेंज में लंबे समय से सागौन तस्करी का संगठित नेटवर्क सक्रिय है। आरोप है कि जब भी वन विभाग द्वारा दबिश की तैयारी होती है, उससे पहले ही माफियाओं तक सूचना पहुंचा दी जाती है। यही वजह है कि कार्रवाई के दौरान छोटे लोग पकड़ में आते हैं, जबकि असली सरगना फरार हो जाते हैं।सूत्र बताते हैं कि बीते दिन हुई कार्रवाई से पहले भी कथित तौर पर यही खेल हुआ। रेड की भनक लगते ही बड़े सागौन कारोबारी ने मौके से लकड़ी गायब कर दी। जबकि एक रात पहले ही मोटरसाइकिल से सागौन की सिल्लियां उतारी गई थी। मामला तो दर्ज हुआ परंतु छिंदवाड़ा की टीम ने किया। वरिष्ठ अधिकारियों का चौरई स्टाफ से भरोसा उठ गया है तभी छिंदवाड़ा की टीम को सक्रिय होना पड़ा क्योंकि मैडम सुबह पांच बजे ही पहुंचकर तस्करों को आगाह कर चुकी थी। उन्हें कुछ भी गलत नजर नहीं आया। जबकि पांच घंटे बाद जब छिंदवाड़ा टीम पहुंचे तो उन्हें 2.6 घनमीटर लकड़ी के साथ मशीनों पर सीलबंद की कार्यवाही करनी पड़ी।

# विधायक चौरे सहित 17 लोगों पर हुआ मामला दर्ज

## शराब दुकान हटाने तुषार महाराज का होगा कीर्तन

हरिभूमि न्यूज सौंसर

पिपलानारायणवार बस स्टैंड पर संचालित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर चल रहा जन-आंदोलन अब एक गंभीर प्रशासनिक राजनीतिक विवाद में परिवर्तित हो गया है। स्थानीय प्रशासन द्वारा आंदोलनकारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई किए जाने के बाद स्थिति और अधिक तनावपूर्ण हो गई है।

विगत 7 दिनों से स्थानीय नागरिक कॉंग्रेस नेता उक्त शराब दुकान को घनी आबादी से स्थानांतरित करने की मांग कर रहे हैं। नागरिकों का तर्क है कि दुकान के कारण क्षेत्र में असामाजिक गतिविधियों में वृद्धि हो रही है, जिससे महिला सुरक्षा और युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है।बुधवार को आंदोलन के दौरान किए गए 'चक्काजाम' के उपरांत, लोधिखेड़ा पुलिस प्रशासन ने स्थानीय निवासी अतुल भोयर की



शिकायत पर कार्रवाई करते हुए कांग्रेस विधायक विजय चौरे सहित 17 व्यक्तियों के विरुद्ध नामजद प्रकरण दर्ज किया है।

इस मामले की विवेचना एसआई रवि कुमार बट्टी द्वारा की जा रही है।प्रशासनिक दबाव के बावजूद आंदोलन सातवें दिन भी सक्रिय रहा। नगर कांग्रेस के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने दुकान के समक्ष 'भजन-कीर्तन' कर अपना विरोध दर्ज कराया। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया है कि वे दबाव की राजनीति से पीछे नहीं हटेंगे।शनिवार से आंदोलन स्थल पर भागवत कथाऔर 7 जून रविवार को शाम 6 बजे से सतपाल महाराज के शिष्य सप्त खंजरी वादक तुषार महाराज सूर्यवंशी का सामाजिक कृपा था एवं शराब दुकान हटाने की मांग को लेकरकार्यक्रम किया जाएगा।

शुक्रवार को भी आंदोलन निरंतर जारी रहा है।पिपला नगर कांग्रेस अध्यक्ष कैलाश चौधरी ने घोषणा की है कि विरोध प्रदर्शन को अब पिपला से आगे बढ़ाकर आसपास के क्षेत्रों में संचालित अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध भी संचालित किया जाएगा।

### विधायक विजय चौरे का पक्ष

चर्चा के दौरान सौसर विधायक विजय चौरे ने अपने ऊपर दर्ज प्रकरण को 'जन-आवाज को दबाने का कुत्सित प्रयास' करार दिया है। उन्होंने कहा, ₹यह आंदोलन आम जनता की भावनाओं का प्रतिबिंब है। प्रशासन द्वारा मुकदमे दर्ज करने से जन-विरोध कम नहीं होगा, बल्कि यह आंदोलन अब गांव-गांव तक विस्तार लेगा।₹ प्रशासन और सत्ता पक्ष मिलकर इस आंदोलन को दबाने का प्रयास किया जा रहा है परंतु अब या आंदोलन पीपला से निकलकर सौसर क्षेत्र के घर-घर पहुंचेगा।

## कंपनी का 'जहरीला धुआं बना ग्रामीणों का सरदर्द



**सौंसर।** औद्योगिक क्षेत्र बोरगांव स्थित यूसीआर कंपनी अब प्रदूषण का पर्याय बन गई है। कंपनी की चिमनियों से निकल रही जहरीली कोयले की राख और काला धुआं न केवल पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है, बल्कि आसपास स्थित अन्य उद्योगों और आवासीय क्षेत्रों में रह रहे लोगों के लिए गंभीर स्वास्थ्य संकट पैदा कर दिया है। एड. मधुकर गायकवाड़ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की कंपनी प्रबंधन की लापरवाही पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने बताया कि प्रबंधन को कई बार समस्या से अवगत कराया गया है। लेकिन जिम्मेदारों ने इसे पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया है। यूसीआर कंपनी की इस मनमानी का सबसे अधिक खामियाजा वहां कार्यरत मजदूरों और पड़ोसी कंपनियों को भुगतना पड़ रहा है। जहरीले धुएं के कारण मजदूरों को सांस लेने में दिक्कत और अन्य गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है।प्रभावित उद्योग संचालकों ने कई बार स्थानीय शासन और प्रशासन को लिखित शिकायतें दी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। शिकायतकर्ताओं एड गायकवाड का आरोप है कि प्रशासन का यह 'मौन' सीधे तौर पर कंपनी को मिल रहे संरक्षण को दर्शाता है। कोयले की राख और जहरीले धुएं के कारण हो रहे इस पर्यावरण प्रदूषण पर संबंधित विभाग की कार्यशैली संदेह के घेरे में है।स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और स्थानीय प्रशासन तत्काल प्रभाव से इस मामले का संज्ञान लेने की अपील की है।

## शासकीय कन्या उमावि सौंसर में हुआ पौधारोपण



**सौंसर।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सौसर में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए 'एक पेड़ माँ के नाम 3.0' अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा रहीं। कार्यक्रम का आयोजन शाला के 'भूमि ईको क्लब' के तत्वावधान में किया गया। नपाध्यक्ष श्रीमती डागा प्राचार्य भास्कर गावंडे ने संयुक्त रूप से शाला प्रांगण में 'मुनगा' का पौधा लगाकर अभियान की नींव रखी। अभियान के तहत 30 सितंबर तक विद्यालय के प्रत्येक छात्र और शिक्षक को अपनी माँ के नाम पर एक पौधा लगाना अनिवार्य है। रोपित पौधों की तस्वीरें निर्धारित पोर्टल पर अपलोड की जाएंगी, ताकि उनकी निरंतर देख-रेख सुनिश्चित हो सके। आज के कार्यक्रम में अमरूद, आँवला, जामुन और मुनगा जैसी फलदार प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। ईको क्लब प्रभारी सूर्यकीर्ति काले ने छात्राओं, अभिभावकों शिक्षकों को प्लास्टिक प्रदूषण के घातक परिणामों से अवगत कराया। कार्यक्रम में ईको क्लब की छात्राओं कु. सुजिता खंडाते, कु. पारुल चिपड़े, कु. जयश्री कुमरे, कु. सिमरन धुर्वे और कु. लक्ष्मी कुसनेकर ने सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं, शिक्षक अतुल बनाईत के मार्गदर्शन में स्वच्छता और नशा मुक्ति विषय पर विशेष पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, आयोजन में कीर्तिसागर बागड़े, राजरतन बागड़े, संदीप बागड़े, अतुल बनाईत, बाजीराव धुर्वे, रवि डेहरिया, सुशीलाबाई धुर्वे आदि थे।

# जिला महामंत्री सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने किया पौधरोपण



**जुन्नारदेव।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा ट्रैकिंग ग्राउंड पर जिला महामंत्री कमलेश वीक के नेतृत्व में विशाल पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न किया गया इस दौरान उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी ने मंडल महामंत्री के साथ दर्जनों पौधों का रोपण किया। पौधारोपण के दौरान मुख्य रूप से मंडल महामंत्री सपना पाल, अनिरुद्ध (बूटा) चटर्जी, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे, अपील समिति सदस्य, पार्षद एवं सभापति संजय जैन सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण उपस्थित थे। जुन्नारदेव नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे के नेतृत्व में जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चावलपानी अंतर्गत एकीकृत हाई स्कूल जमुनिया में विशाल पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न किया गया। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर चावल पानी में बड़ी संख्या में पौधे आरोपित किए गए कार्यक्रम के दौरान चावल पानी मंडल अध्यक्ष नितेश पटेल महामंत्री लेखराम राय पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील मार्शकोले बालक दास चौहान सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# क्षेत्र में आबकारी की मूक सहमति से 'शराब की होम डिलीवरी' का काला कारोबार

## नगर ग्रामीण में अवैध शराब सप्लायर के हौसले बुलंद

हरिभूमि न्यूज सौंसर

सौसर, लोधीखेड़ा, बेरडी और रंगारी क्षेत्र में इन दिनों प्रशासन का राज नहीं, बल्कि 'शराब माफिया' का नेटवर्क चल रहा है। आलम यह है कि पिज्जा या ग्रोसरी की तरह अब एक फोन कॉल या सोशल मीडिया मैसेज पर घर की दहलीज तक शराब पहुंचाई जा रही है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक फैल चुके इस अवैध कारोबार ने पुलिस और आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है।

सूत्रों के अनुसार, लोधीखेड़ा और रंगारी बेरडी की शराब दुकानों से माल उठाकर 'शराब तस्कर' बेखौफ होकर दुपहिया वाहनों से सौसर के वार्ड,चोक चौराहों,पार्क,कार्यलयों ओर आसपास के गावो होटलो में सप्लाई कर रहे हैं। हैरत की बात यह है कि शासकीय परिसर से चंद कदमों की दूरी पर स्थित मोहल्लों में भी यह अवैध व्यापार बिना किसी डर के चल रहा है। यह स्पष्ट संकेत है कि या तो विभाग की खुफिया तंत्र पूरी तरह विफल है, या फिर विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से यह 'होम डिलीवरी' का खेल परवान चढ़ रहा है।

### सोशल मीडिया पर हो रही अवैध शराब की 'मार्केटिंग'

अवैध शराब बेचनेवालों ने अब आधुनिक तकनीक का सहारा लेना शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर बकायदा अवैध शराब की रेट लिस्ट साझा की जा रही है। ग्राहकों को जोड़कर उन्हें घर बैठे शराब उपलब्ध कराने का प्रलोभन दिया जा रहा है। चौक-चौराहों पर सक्रिय 'शराब बॉय' (डिलीवरी एजेंट) किसी भी बाधा के बिना नगर की शांति व्यवस्था को तार-तार कर रहे हैं। लंबे समय से चल रहे इस अवैध कारोबार के बावजूद आबकारी विभाग की कार्रवाई केवल खानापूर्ति तक सीमित है।विभागीय लापरवाही के कारण आम जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। सहज उपलब्धता के कारण क्षेत्र के युवा तेजी से नशे की चपेट में आ रहे हैं, जिससे सामाजिक वातावरण दूषित हो रहा है। बार-बार शिकायतों के बावजूद ठोस कार्रवाई न होना, विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली को संदेहास्पद बनाता है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि अवैध शराब तस्करी पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो क्षेत्र नगर का माहौल और बिगड़ जाएगा। नगर के जागरूक नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि आबकारी विभाग ने तुरंत प्रभाव से इस नेटवर्क के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधे आरोपित करने के साथ-साथ चलाया गया स्वच्छता अभियान




**जुन्नारदेव।** नगर के शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून शुक्रवार को महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर ए के टांडेकर के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉक्टर राहुल भारती के मार्गदर्शन में पौधारोपण कर स्वच्छता अभियान चलाया गया इस दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थी भी इस मूवी में शामिल हुए। महाविद्यालय परिसर में एक दर्जन से अधिक फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कॉलेज प्राचार्य स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा किया गया साथ ही महाविद्यालय परिसर के आसपास स्वच्छता अभियान भी चलाया गया जिसमें विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर से पॉलिथीन हटाने के साथ-साथ कूड़ा करकट भी साफ किया गया। इस दौरान महाविद्यालय स्टाफ से प्रोफेसर मनोज मालवीय प्रोफेसर मोहम्मद आबिद सहित महाविद्यालय का स्टाफ, राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

# वारासिवनी संचेती राइस मिल संचालक सहित तीन पर शासकीय चावल की अफरा तफरी का केस दर्ज



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

संचेती राइस मिल वारासिवनी में एफसीआई के 242 क्विंटल 55 किलो सीएमआर चावल मामले में जांच के बाद पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। राइस मिल संचालक सौरभ संचेती, मेहंदीवाड़ा निवासी ट्रक ड्राइवर दुर्गेश सेंदरे एवं बोरगांव एवीजी के अधिकृत प्रतिनिधि राहुल प्रताप के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(3) एवं 3(5) के तहत चावल की अफरा तफरी का मामला दर्ज किया गया है।यह कार्रवाई कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी नीहारिका अवस्थी की शिकायत पर की गई है। विदित हो कि खाद्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 3 जून की शाम की गई आकस्मिक जांच में एफसीआई डिपो नवेगांव -कोसमी से इथेनॉल प्लांट बोरगांव भेजा गया चावल संदिग्ध हालत में संचेती राइस मिल वारासिवनी के परिसर में पाया गया था।जांच के दौरान वाहन चालक द्वारा किसी प्रकार के वैध परिवहन दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए थे। जिसके बाद ट्रक सहित चावल को जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में रखा गया था। प्रारंभिक जांच में अनियमितता और दुरुपयोग की आशंका जताई गई है।फिलहाल मामले की विस्तृत जांच जारी है और विभाग ने दोषियों पर कठोर कार्रवाई की बात कही है।

# रेत संकट पर सरपंच संघ किरनापुर का अल्टीमेट, एसडीएम ने दिया आश्वासन

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** ग्राम पंचायत में विकास कार्यों और प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्यों के लिए रेत की उपलब्धता नहीं होने से जनपद पंचायत किरनापुर के सरपंच ने भारी नाराजगी देखने को मिल रही है लगातार मांगो और ज्ञापन सोपने के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने पर सरपंच संघ ने आंदोलन का बिगुल हो चुका है संघ ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी तीन दिनों के भीतर रेत उपलब्ध नहीं कराई गई तो 5 जून 26 को शुक्रवार को अनुभागी अधिकारी राजस्व कार्यालय किरनापुर के सामने चक्का जाम कर उग्र आंदोलन किया जाएगा सोमवार को सरपंच संघ जनपद पंचायत किरनापुर की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह ने की बैठक में विभिन्न ग्राम पंचायत के सरपंच बड़ी संख्या में उपस्थित रहे बैठक के दौरान सरपंच संघ के अध्यक्ष प्रकाश बाहे ने बताया कि लगभग 15 से 20 दिन पूर्व ग्राम पंचायत एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को स्वीकृति अनुसार रेट उपलब्ध कराने की मांग को लेकर अनु विभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सोपा गया था, लेकिन आज तक प्रशासन की ओर से कोई भारी कदम नहीं उठाया गया है। स्वीकृति अनुसार रेत



उपलब्ध कराने की मांग को लेकर अनविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सोपा गया था । सरपंचों ने बैठक में रेत संबंधी कहा की रेत की कमी के कारण निर्माण कार्य ठप्प करने की स्थिति में है वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण कर रहे हितग्राहियों को भी भारी परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है निर्माण सामग्री उपलब्ध नहीं होने से कई कार्य अधूरे पड़े हुए हैं जिससे शासन की महत्वाकांक्षा योजना पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है बैठक में उपस्थित सभी सरपंचों ने प्रशासन की कार्य प्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सर्व सहमति से आंदोलन करने का फैसला लिया सरपंच संघ ने स्पष्ट किया की तीन दिवस के भीतर रेत उपलब्ध करने की व्यवस्था नहीं की गई तो 5 जून को एसडीएम कार्यालय के सामने चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। संघ ने यह भी कहा कि आंदोलन के दौरान यदि किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की रहेगी। सरपंच संघ ने जिला प्रशासन और कलेक्टर से तत्काल हस्तक्षेप कर तत्काल निराकरण करने की मांग की है ,ताकि पंचायत के विकास कार्यों के साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्यों भी समय पर पूरे हो सके। अभी सभी की निगाहें प्रशासन की अगले कदम पर टिकी हुई है कि वह सरपंच संघ की चेतावनी को कितनी गंभीरता से लेता है 4 जून 2026 को सरपंच संघ को जनपद अध्यक्ष के चेंबर में बैठक लेकर एसडीएम ने उनके इस ज्ञापन पर विचार विमर्शकर आश्वासन दिया की तीन दिन का सरपंच संघ से समय मांगा गया है वह जिला प्रशासन से निर्माण संबंधी कार्यों के लिए रेत की प्रबल समस्या को लेकर चर्चा करेंगे और जनपद अध्यक्ष ने भी बात बताया अपने उद्बोधन में बताया कि इस प्रबल समस्या को लेकर जिला भाजपा अध्यक्ष रामकिशोर (नैनो कावरे) व भोपाल के प्रभारी मंत्री से भी इस संबंध में चर्चा की गई है वे कलेक्टर को आदेश प्रसारित करेंगे इसलिए 3 दिन का समय मांगा गया है अगर 3 दिन में शासन प्रशासन इस विषय पर कोई कार्यवाही नहीं करते हैं तब सरपंच संघ आंदोलन करने को तैयार रहेंगे।

# क्षेत्र में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत हुआ पौधारोपण



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** शासन के निर्देशानुसार शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस पूरे विकासखंड में उत्साह के साथ मनाया गया। जनपद पंचायत कटंगी की सभी ग्राम पंचायतों से लेकर नगर पंचायत कटंगी तक 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया गया। स्कूल, आंगनबाड़ी, सार्वजनिक स्थानों और उद्यानों में विविध प्रजातियों के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के अंत में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। पेड़ लगाना सिर्फ एक रस्म न बने, बल्कि लगाए गए पौधों की सुरक्षा और संवर्धन की जिम्मेदारी भी ली जाए। यही संदेश इस वर्ष के आयोजन का मुख्य केंद्र रहा। जनपद पंचायत कटंगी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में क्षेत्र की सभी 81 ग्राम पंचायतों में एक साथ पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। पंचायत भवन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल परिसर, तालाब किनारे, श्मशान घाट और सामुदायिक भवनों के आसपास खाली जगहों को चिन्हित कर नीम, पीपल, बरगद, शीशम और फलदार पौधे लगाए गए। सरपंचों और पंचों ने अपने गांव में पौधारोपण की अगुवाई की। नगर पंचायत कटंगी में विश्व पर्यावरण दिवस का मुख्य कार्यक्रम वार्ड क्रमांक 9 स्थित नगर उद्यान में आयोजित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण, मुख्य नगरपालिका अधिकारी और नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में पौधे लगाए गए। सुबह 10 बजे से शुरू कार्यक्रमों का दौर दोपहर 03 बजे तक चलता रहा।

## सूख गया शहर का सबसे बड़ा शंकर तालाब, पार्षद डाली विवेक ऐडे ने तालाब में पानी भरवाने अधिकारी को लिखा पत्र

# करोड़ो रुपए की लागत से हुए सौंदर्यीकरण का कार्य सिर्फ खानापूर्ति - विवेक ऐडे

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** भीषण गर्मी के कारण क्षेत्र के नदी, नाले एवं तालाबों के सूखने से शहर में इन पर निर्भर रहने वाले कुएँ एवं हैंडपंप भी अब जवाब देने लगे हैं। इन तालाबों में जाकर अपनी प्यास बुझाने वाले पशु पक्षियों को पानी उपलब्ध नही हो पा रहा हैं। शहर का पुराना शंकर तालाब जो कभी करीब 26 एकड़ के क्षेत्र में फैला हुआ था। जो जमीन के लालचियों और जिम्मेदारों की जुगलबंदी से महज कुछ एकड़ में सिमट कर रह गया हैं। ऊपर से करीब 25 साल से हर वर्ष जिम्मेदारों द्वारा उसके सौंदर्यीकरण के नाम पर लाखों रुपया खर्च किया जा रहा हैं। लेकिन तालाब सुंदर तो नही हो पा रहा हैं। लेकिन हर गर्मी के मौसम में हमेशा लबालब भरा रहने वाला यह तालाब बीते कुछ वर्षों से जिमेदारों की अदूरदर्शिता से हर साल सूखा रहने लगा है।जिससे तालाब के आसपास के कुँए भी इस तालाब के पूरी तरह सूख जाने से दम तोड़ देते हैं। जिससे इस इलाके में पानी संकट उत्पन्न हो जाता है। शंकर तालाब के सूख जाने एवं उत्पन्न हुए जलसंकट को



लेकर वार्ड नंबर 14 की पार्षद डाली विवेक ऐड़े नपा सीएमओ को करीब एक पखवाड़े पूर्व तालाब में नहर के माध्यम से पानी भरवाए जाने की मांग की थी। लेकिन सीएमओ ने लगता हैं कि उनके पत्र को रद्दी की टोकरी में डाल दिया हैं। इसी का असर हैं कि सूख चुके शंकर तालाब को अभी तक नही भरा गया हैं।

तालाब के सूखने के कारण मवेशियों के पीने का पानी और मनुष्य के दैनिक निस्तार का संकट खड़ा हो गया है। तालाबो के सूखने से आप-पास के कुओं और हैंडपंपो का जल स्तर भी तेजी से नीचे गिर गया है। विदित हो कि सरकार के आदेश पर हर वर्ष नपा द्वारा जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत हर वर्ष शहर के तालाबों, कुओं, नदी और अन्य जल स्त्रोतों की साफ सफाई के लिए अभियान चलाया जाता हैं। लेकिन ये अभियान सिर्फ फोटो सेशन के लिए ही होता है,बाकी समय तो इन स्त्रोतों के आसपास कचरों के ढेर आसानी से देखे जा सकते हैं। विदित हो कि सरकार द्वारा हर वर्ष शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान चलाया जाता हैं। इस दौरान समय समय पर प्रदेश मुख्यालय से सर्वे टीमें शहर में आती हैं, तब नपा में बैठे जिम्मेदार टीम के लोंगों को सिर्फ चुनिंदा जगहों पर ही साफ सफाई करवा कर उन्हें दिखा कर शहरवासियों की खुली आँखों मे धूल झोंकने का कार्य किया जाता हैं। जबकि शहर तो ठीक जल स्त्रोतों के पास भी गंदगियों का अंबार लगे रहता हैं। सनद रहे कि इस शंकर तालाब में करीब 25 सालों से विभिन्न दलों की नगर सरकारों द्वारा जीर्णोद्धार और विकास कार्य करवाए जा रहे हैं, जिसमें अब तक शासन के करोड़ो रुपया खर्च हो चुका है। लेकिन इस तालाब का अब तक ना तो जीर्णोद्धार पूरा हो पाया हैं ना ही सौंदर्यीकरण हो पाया हैं।

## नागरिकों से मां के नाम एक पौधा लगाने की अपील

# विश्व पर्यावरण दिवस पर लांजी में गूंजा हरियाली का संदेश, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का हुआ शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को वन विभाग लांजी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ किया गया। 5 जून से 15 अगस्त तक संचालित होने वाले इस विशेष अभियान के माध्यम से लोगों को अपनी मां के सम्मान में एक पौधा लगाने तथा उसके संरक्षण का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर लांजी स्थित डिपो परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लांजी क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे, एसडीएम लांजी कमलचंद सिंहसार, वन परिक्षेत्र अधिकारी लांजी सपन ताम्रकार सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए



विधायक राजकुमार कर्राहे ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के नाम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे तो आने वाले वर्षों में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। उन्होंने नागरिकों से इस अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देने की अपील की। एसडीएम कमलचंद सिंहसार ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। बढ़ते प्रदुषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच वृक्षारोपण ही पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने लोगों से पौधे लगाने के साथ-साथ उनके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का भी आग्रह किया।

वन परिक्षेत्र अधिकारी सपन ताम्रकार ने बताया कि वन विभाग द्वारा 15 अगस्त तक विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति स्थायी जागरूकता विकसित करना है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाने तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। वन विभाग ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़कर अपनी मां के नाम एक पौधा लगाने और उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने की अपील।

## खबर संक्षेप

### 13 आरक्षकों को प्रधान आरक्षक के पद पर कार्यवाहक प्रभार प्रदान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशों एवं पुलिस उप महानिरीक्षक, छिंदवाड़ा रेंज से प्राप्त अनुमोदन के उपरांत, जिला सिवनी में इकाई स्तर पर गठित रिव्यू समिति की अनुशंसा पर 13 आरक्षकों को प्रधान आरक्षक के रिक्त पदों पर स्थानापन्न, अस्थाई रूप से कार्यवाहक प्रभार दिया गया है। यह व्यवस्था आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगी्

### विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

**सिवनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग के मार्गदर्शन तथा इको क्लब प्रभारी डॉ. संदीप शुक्ला के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने महाविद्यालय की वाटिका में फलदार एवं छायादार पौधे रोपित किए। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे बी. एस सी के बच्चों ने पार्टिसिपेट किया इकोक्लब प्रभारी डॉ संदीप शुक्ला ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बताते हुए कहा की आज के समय में जब हम बहुत सी पर्यावरण संबंधी समस्याओं से वैश्विक स्तर पर जूझ रहे हैं तो यह आवश्यक है की हर व्यक्ति पर्यावरण के लिए संवेदनशील हो तथा उसके संरक्षण में सदैव तत्पर हो। प्रचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को पौधारोपण करने के के साथ रोपित पौधों का नियमित रूप से ध्यान रखने पर जोर देते हुए पर्यावरण को प्लास्टिक रहित बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण संरक्षण के लिए उपस्थित महाविद्यालय स्टाफ तथा विद्यार्थियों ने शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में प्रो. रचना सक्सेना, डॉ. वर्षा जैन, डॉ. मुक्ता मिश्रा , डॉ. प्रमोद चतुर्वेदी, डॉ धनेंद्र गुर्देकर, श्री राधे श्याम, श्री घनश्याम समेत अन्य सहायक स्टाफ भी उपस्थित हुए एवं पौधारोपण में सहयोग किया।

### अथर्व कौरव ने जीता राष्ट्रीय कांस्य पदक

**सिवनी।** सिवनी के युवा खिलाड़ी अथर्व कौरव ने भुवनेश्वर (ओडिशा) में आयोजित जूनियर नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। अथर्व की इस उपलब्धि के पीछे द अल्टीमेट फाइटर्स एकेडमी, सिवनी के मुख्य प्रशिक्षक मास्टर निकेश पदमाकर एवं सीनियर इंस्ट्रक्टर योगेश नाविक का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अथर्व, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पवन कुमार कौरव के सुपुत्र हैं। उनकी इस सफलता पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, खेल विभाग एवं जिला किकबॉक्सिंग संघ के पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### शिव कुमार डहेरिया ने जन्म दिवस किया वृक्षारोपण

**सिवनी।** नगर के कस्तूरबा वार्ड एफ सी आई रोड पर स्थित श्री अंजनी किशोर व्यायामशाला के संचालक शिव कुमार डहेरिया के जन्म दिवस पर रेलवे स्टेशन में फलदार पौधे लगा कर अपना जन्म दिवस को यादगार बनाया। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य कर रही श्री अंजली किशोर व्यायामशाला के शिव कुमार डहेरिया, दिलीप ठाकुर, नंदकिशोर दुवे, अनिल भारद्वाज, सुरेंद्र डोंगरे,अनूप उपाध्याय, सतेंद्र सनोडिया इन सभी पर्यावरण प्रेमियों ने श्री अंजनी किशोर व्यायामशाला के संचालक शिव कुमार डहेरिया के जन्म दिवस पर रेलवे स्टेशन में फलदार पौधे लगा कर जन्म दिन मनाया गया। साथ ही शिव कुमार डहेरिया ने बताया कि सभी पर्यावरण प्रेमियों ने लगभग 4 वर्ष में 70 से 80 फलदार पौधे में प्रति दिन पानी दोनों टाइम पानी देना सुरक्षा व देखभाल की जाती है। जिससे शहर का रेलवे स्टेशन हराभरा ओर सुंदर दिख रहा है। इन पर्यावरण प्रेमियों ने सभी से अपील किया है कि वर्षा ऋतु में फलदार पौधे लगा कर उनकी देखभाल जरूर करें।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

**विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत बबरिया तालाब सिवनी में जिला स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कार्यक्रम में सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन एवं नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया द्वारा जामुन, आम, पीपल, नीम, बादाम, अमरूद एवं कटहल सहित विभिन्न प्रजातियों के फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया।

वृक्षारोपण के उपरांत आयोजित मंचीय कार्यक्रम में अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। अपने संबोधन में विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के साथ-साथ प्रधानमंत्री Narendra Modi के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान की शुरुआत की जा रही है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को समय की आवश्यकता बताते हुए प्रत्येक नागरिक से कम से कम एक पौधा लगाने एवं उसकी देखभाल करने का आग्रह किया।

नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया ने भी पर्यावरण संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि प्रकृति को सुरक्षित और संतुलित बनाए रखने के लिए जनभागीदारी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा।

कार्यक्रम में पीजी कॉलेज जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अजय बाबा पांडे, मंडल अध्यक्ष युवराज राहंगडाले, अनूप मिश्रा सहित भाजपा कार्यकर्ता, जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, डिप्टी कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, जनपद पंचायत सीईओ, नगर पालिका सीएमओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास एवं जनभागीदारी का



संदेश दिया गया तथा जिलेवासियों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की गई।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता का संदेश

सिवनी। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डी.पी. चतुर्वेदी विज्ञान, वाणिज्य, कला एवं शिक्षा महाविद्यालय सिवनी के चेयरमैन डॉ. के.के.



चतुर्वेदी ने पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन के गंभीर प्रभावों पर चिंता व्यक्त करते हुए नागरिकों से प्रकृति संरक्षण का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि बढ़ता तापमान, घटता जलस्तर, वनों की कटाई, प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन मानव जीवन के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाओं, भीषण गर्मी और जल संकट की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं, जिनका सीधा असर मानव जीवन एवं जैव विविधता पर पड़ रहा है।

डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस मनाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे जन आंदोलन का स्वरूप देना आवश्यक है। उन्होंने जल संरक्षण, वृक्षारोपण, भूमि संरक्षण एवं जैव विविधता के संवर्धन को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया।

उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या और संसाधनों के अत्यधिक उपयोग के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। यदि अभी से ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर पर्यावरणीय संकटों का सामना करना पड़ सकता है।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उन्होंने सभी नागरिकों से कम से कम एक पौधा लगाने, जल संरक्षण करने तथा पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लेने का आग्रह किया। आओ अपने हर शुभ कार्य और प्रियजनों की स्मृति में एक पौधा लगाएं तथा पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाएं।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पलारी स्थित विश्वनाथ नगर में हुआ वृक्षारोपण

**पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प**

**सिवनी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सिवनी के पलारी स्थित विश्वनाथ नगर में मोहल्लेवासियों द्वारा सामूहिक रूप से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वनाथ नगर के गार्डन



में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा क्षेत्र में हरियाली को बढ़ावा देना रहा। मोहल्लेवासियों ने इस अवसर पर यह संकल्प भी लिया कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल और सुरक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। इसलिए लगाए गए सभी पौधों की देखरेख सामूहिक रूप से की जाएगी ताकि वे भविष्य में बड़े वृक्ष बनकर क्षेत्र को हराभरा बना सकें।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रेस क्लब ऑफ सिवनी के सचिव राजेन्द्र पिंटू तरवरे का विशेष योगदान रहा। इसके अलावा मोहल्लेवासियों में योगी बोपचे, राजेन्द्र सोनवाने, मनोज राहांगडाले, संतोष बनवाले, एच.एस. टेमरे एवं राजेन्द्र राहांगडाले सहित अन्य नागरिकों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई।

### अपहृत नाबालिक बालिका सकुशल दस्तयाब, आरोपी जेल भेजा गया

सिवनी। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन में जिले में गंभीर अपराधों पर प्रभावी रोक लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लखनादौन अपूर्व भलावी के नेतृत्व में थाना आदेगांव पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना आदेगांव में दिनांक 15.05.2026 को गुम इंसान क्रमांक 27/26 एवं अपराध क्रमांक 88/26, धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया था। प्रार्थी ने आशंका जताई थी कि उनकी 15 वर्ष 7 माह की नाबालिक पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है।

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा गठित विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कड़ियों को जोड़ते हुए दिनांक 01.06.2026 को अपहृत बालिका को जबलपुर से सकुशल दस्तयाब किया। आरोपी अखिलेश चौकसे, निवासी ग्राम रहली को विधिवत गिरफ्तार कर चिकित्सकीय व वैधानिक कार्रवाई पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।


इस सफलता में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लखनादौन, थाना प्रभारी आदेगांव आशीष कुमार धुर्वे, सउनि बलदेव श्रीवास्तव, प्रआर. अमर उइके, प्रआर. शोएब खान, आर. सरवन मरकाम, आर. जयप्रकाश उइके, सै. नारद धुर्वे एवं ग्राम रक्षा सदस्य विकास यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## किसानों को खाद वितरण में स्लॉट बुकिंग व्यवस्था पर किसान कांग्रेस ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव एवं किसान नेता हुकुमचंद सनोडिया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम कलेक्टर सिवनी को ज्ञापन सौंपकर किसानों को उर्वरक वितरण में लागू स्लॉट बुकिंग व्यवस्था में शिथिलता लाने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि खरीफ सीजन नजदीक होने के कारण किसानों को डीएपी, यूरिया, सुपर फॉस्फेट सहित अन्य उर्वरकों की आवश्यकता बढ़ गई है, लेकिन वर्तमान स्लॉट बुकिंग प्रक्रिया किसानों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। कई किसानों को मोबाइल संचालन की जानकारी नहीं है, वहीं सर्वर डाउन, इंटरनेट और मोबाइल बैलेंस जैसी



समस्याओं के चलते खाद प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

किसान नेता हुकुमचंद सनोडिया ने बताया कि कई बार गोदामों और समितियों में किसी एक प्रकार का उर्वरक उपलब्ध रहता है तो दूसरा नहीं मिलता, जिससे किसानों को बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं। फार्मर आईडी और अन्य दस्तावेजी प्रक्रियाओं के कारण भी किसानों की परेशानी बढ़ रही है।

ज्ञापन में मांग की गई है कि किसानों की सुविधा को देखते हुए स्लॉट बुकिंग व्यवस्था में शिथिलता लाकर पूर्व की भांति सरल प्रक्रिया से उर्वरकों का वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सके और खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित न हो। किसान कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो किसान आंदोलन और धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन की प्रतिलिपि सांसद, क्षेत्रीय विधायकों, नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को भी प्रेषित की गई।

### भीमगढ नवनिर्मित पुल पर हुआ सडक़ हादसा

## ट्रक की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

### क्षेत्रीयवासियों द्वारा पुल सहित दोनों छोरों पर प्रकाश व्यवस्था की मांग

**छपारा ।** विकास खंड के ग्राम भीमगढ में 4 जून को रात्रि हुए सडक़ दुघर्टना में एक भीमगढ ग्राम के युवा की मौत से भीमगढ ग्राम सहित पूरे क्षेत्र में शौक व्याप्त हो गया मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भीमगढ के समीप नवनिर्मित पुल पर बीती गुरुवार रात्रि लगभग 12 बजे ग्राम भीमगढ निवासी शेख सादिक पिता शेख राहत 25 वर्ष की पुल पर एक गैंहू की बोरियों से भरे ट्रक की चपेट में आने से मौके पर दर्दनाक मौत हो गई दूसरे दिन 5 जून शुक्रवार को सुबह मर्चुरी कक्ष में पोस्टमार्टम किए जाने के बाद मृतक युवक का शव परिजनों को सौंप दिया गया एवं पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में ले लिया गया एवं दुर्घटना में शामिल ट्रक को पुलिस द्वारा थाना परिसर में अपनी अभिरक्षा में ले लिया गया वहीं दूसरी ओर उक्त दुर्घटना को लेकर ग्राम भीमगढ सहित क्षेत्रीय जनों द्वारा प्रशासन से मांग



की जा रही है कि उक्त नवनिर्मित पुल सहित दोनों ओर प्रकाश व्यवस्था हो ताकि आगामी समय में किसी ओर अप्रिय घटनाएं ना हों ज्ञात हो कि भीमगढ पुल के निर्माण कार्य में लगभग 5 वर्षों का लंबा समय लग गया जिसमें क्षेत्रीय वासियों को आवागमन में ढेरों परेशानियों का सामना करना पड़ा सबसे अधिक बारिश के महिनों में जब अधिकांशतः समीप स्थित जलाशय भीमगढ बांध के गेटों से पानी छोड़े जाने पर भीमगढ और क्षेत्रीय ग्रामों का छपारा मुख्यालय से पूरी तरह संपर्क टूट जाता था और जब यह पुल बनकर तैयार हो गया है तो ग्राम सहित क्षेत्रीय जनों में खासा उत्साह देखा जा रहा है वहीं इस दुखद घटना में एक युवक को जहां परिवार ने खोया उससे उनपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा वहीं ग्राम भीमगढ सहित क्षेत्रीय जनों को झकझोर दिया है।

## अवैध शराब के विरुद्ध सिवनी पुलिस का सघन अभियान मे 11 आरोपी गिरफ्तार, 62 लीटर शराब जप्त

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में सिवनी पुलिस द्वारा अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34ए के तहत कुल 11 प्रकरण थाना कोतवाली द्वारा पंजीबद्ध कर निम्न आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।



1. शेख सलीम, पिता शेख जब्बार, उम्र 51 साल, निवासी छोटी मस्जिद के पास, सिवनी 2. राजू यादव, पिता सुखचंद यादव, उम्र 60 साल, निवासी संजय वार्ड, पानी टंकी के पास, सिवनी 3. सुरेन्द्र यादव, पिता बालकिशन यादव, उम्र 30 साल, निवासी मोहगांव, लखनवाड़ा 4. राजू यादव, पिता देवचंद यादव, उम्र 35 साल, निवासी डोरली, छतरपुर, डूण्डासिवनी 5. यशवंत सरयाम, पिता फूलचंद सरयाम, उम्र 27 साल, निवासी लूघरवाड़ा, सिवनी 6. रविन्द्रसिंह डेहरिया, पिता मेहरूलाल डेहरिया, उम्र 40 साल, निवासी लडैया मोहल्ला, विवेकानंद वार्ड, सिवनी 7. आशीष श्रीवास्तव, पिता मनमोहन श्रीवास्तव, उम्र 38 साल, निवासी महावीर वार्ड, सिवनी 8. सौरभ सोनी, पिता रतन सोनी, उम्र 30 साल, निवासी गंज वार्ड, सिवनी 9. रितेष यादव, पिता संजू यादव, उम्र 19 साल, निवासी पिपरिया, हथनापुर, लखनवाड़ा 10. अन्नीलाल उईके, पिता धनीराम उईके, उम्र 32 साल, निवासी ढारिया, छपारा, सिवनी 11. राहुल उईके, पिता नामिलाल उईके, उम्र 26 साल, निवासी बाबटोला, छपारा, सिवनी आरोपियों के कब्जे से 62 लीटर महुआ की हाथ भ_ी कच्ची शराब, अनुमानित कीमत 7,200 जप्त की गई। इस अभियान की सफलता में निरीक्षक सतीश तिवारी, उपनिरीक्षक राजेश शर्मा, डालचंद ग्याराशिया, एएसआई संतोष बेन, प्रमोद मालवी, प्रधान आरक्षक चंद्रप्रकाश अडमे, कमलेश बागड़े, आर. सिद्धार्थ दुबे, प्रदीप चौधरी, मुकेश चौरिया, अंकित देशमुख, मिथलेश ऊईके, प्रतीक बघेल का सराहनीय योगदान रहा।

## ठेका भूमि विवाद पहुंचा कान्हीवाड़ा थाना, कार्रवाई नहीं होने पर सीएम हेल्पलाइन में शिकायत

**कान्हीवाड़ा। ग्राम बम्हनी निवासी फीरोज खान ने कृषि भूमि के ठेके को लेकर कान्हीवाड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए धोखाधड़ी का आरोप लगाया है।**



शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने ग्राम बम्हनी निवासी रामदयाल इनवाती से कृषि भूमि चार वर्ष की अवधि के लिए विधिवत ठेके पर ली थी तथा निर्धारित ठेका राशि का पूर्ण भुगतान भी कर दिया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित भूमि का ठेका 16 दिसंबर 2024 से 16 दिसंबर 2028 तक के लिए 1 लाख 10 हजार रुपये में हुआ था। फीरोज खान का आरोप है कि पूरी राशि प्राप्त करने के बावजूद भूमि स्वामी ने ठेकानामे की शर्तों का उल्लंघन करते हुए उसी भूमि को किसी अन्य व्यक्ति को पुनः ठेके पर दे दिया।

शिकायतकर्ता के अनुसार उन्होंने भूमि की जुताई कर खेती की तैयारी भी कर ली थी, लेकिन कुछ दिन पूर्व भूमि स्वामी द्वारा दोबारा जुताई कराकर भूमि दूसरे व्यक्ति को सौंप दी गई। इसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी बताते हुए उन्होंने कान्हीवाड़ा थाना प्रभारी को लिखित शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की थी।

फीरोज खान का आरोप है कि शिकायत दर्ज कराने के बाद भी पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे वे मानसिक रूप से परेशान हैं। पुलिस की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट होकर उन्होंने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में भी दर्ज करा दी है। शिकायतकर्ता ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, इस संबंध में दूसरे पक्ष का पक्ष समाचार लिखे जाने तक प्राप्त नहीं हो सका है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस इस मामले में क्या कदम उठाती है और जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं।

### बरघाट सडक़ चौड़ीकरण पर बवाल! 6 फीट डिवाइडर और 28-28 फीट सडक़ की मांग को लेकर विकास मोर्चा का बड़ा मोर्चा

## बरघाट की जनता हुई एकजुट! सड़क चौड़ीकरण में समझौता नहीं, अतिक्रमण हटाने की मांग तेज

**राकेश अगरवार। बरघाट।** दो कट्टर पार्टी के गठबंधन से बरघाट नगर की सरकार रोजाना नित नए नए कारनामे करते हुए नही थक रही है जहां पर प्रत्येक कार्य में कुछ दलाल नुमा लोग हमेशा ही बरघाट नगर को गर्त में डालने की कसम खा रखे हैं । बरघाट की जनता का बड़ा अल्टीमेटमः सडक़ चौड़ी करण में समझौता नहीं, 6 फीट डिवाइडर और 28-28 फीट सडक़ की मांग तेज,विकास मोर्चा बरघाट ने मुख्यमंत्री, नगरीय विकास मंत्री और कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, वर्तमान डीपीआर पर उठाए गंभीर सवाल, बरघाट नगर की बहु प्रतीक्षित मुख्य सडक़ चौड़ीकरण योजना को लेकर एक बार फिर बड़ा राजनीतिक और जनहित का मुद्दा खड़ा हो गया है। विकास मोर्चा बरघाट ने नगर की मुख्य सडक़ के चौड़ीकरण के लिए तैयार की गई वर्तमान डीपीआर को अपर्याप्त और भविष्य की आवश्यकता के विपरीत बताते हुए मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा कलेक्टर सिवनी को विस्तृत ज्ञापन सौंपकर तत्काल संशोधन की मांग की है, ज्ञापन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि बरघाट नगर की जीवनरेखा मानी जाने वाली मुख्य सडक़ का निर्माण केवल वर्तमान जरूरतों को ध्यान में रखकर नहीं, बल्कि आगामी 50 वर्षों की यातायात एवं विकास आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया जाना



चाहिए। विकास मोर्चा ने वर्तमान डीपीआर में प्रस्तावित व्यवस्था को अदूरदर्शी बताते हुए इसे नगर के भविष्य के साथ खिलवाड़ करार दिया है। बढ़ता जा रहा है 90 ग्राम पंचायतों और 140 गांवों का केंद्र है बरघाट। ज्ञापन के अनुसार बरघाट की मुख्य सडक़ केवल नगरवासियों के लिए ही नहीं, बल्कि तहसील की लगभग 90 ग्राम पंचायतों और 140 गांवों के हजारों लोगों के लिए भी जीवनरेखा है, इसी मार्ग पर बैंक, कन्या एवं बालक विद्यालय, शास कीय कार्यालय, 50 बिस्तरों वाला सिविल अस्पताल, व्यापारिक प्रतिष्ठान और अन्य महत्वपूर्ण संस्थान स्थित हैं। प्रतिदिन हजारों नागरिक शासकीय, शैक्षणिक, चिकित्सा एवं व्यावसायिक कार्यों के लिए इसी सडक़ का उपयोग करते हैं।

**हमेशा वाहनों का बढ़ता दबाव बना चिंता का कारण**

ज्ञापन में कहा गया है कि बरघाट नगर के निरंतर विस्तार और जनसंख्या वृद्धि के कारण सडक़ पर दोपहिया, चौपहिया, बस, ट्रक, डंपर और अन्य भारी वाहनों का दबाव लगातार बढ़ रहा है, वर्तमान सडक़ व्यवस्था बढ़ते यातायात भार को संभालने में असमर्थ होती जा रही है, जिसके कारण जाम, अव्यवस्थित यातायात और सडक़ दुर्घटनाएं आम बात बन गई हैं। ज्ञापन में दावा किया गया है कि अनेक नागरिक दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा चुके हैं तथा कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। डीपीआर पर सबसे बड़ा सवालः 4 फीट डिवाइडर और 23-23 फीट सडक़ क्यों? विकास मोर्चा ने आरोप लगाया है कि वर्तमान नगर परिषद द्वारा तैयार डीपीआर में केवल 4 फीट चौड़ा डिवाइडर तथा उसके दोनों ओर मात्र 23-23 फीट चौड़ी सडक़ प्रस्तावित की गई है, ज्ञापन में कहा गया है कि आश्चर्यजनक रूप से इस योजना में पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त फुटपाथ तथा वर्षाजल और अपशिष्ट जल निकासी के लिए नालियों की समुचित व्यवस्था भी नहीं की गई है, मोर्चा का आरोप है कि कुछ प्रभावशाली अतिक्रमण कारियों और व्यापारिक दबाव के चलते सडक़ की चौड़ाई आवश्यकता से कम रखी जा रही है, जिससे भविष्य में करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद समस्या जस की तस बनी रह सकती है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एजेंसी देना है
सिवनी जिले के अंतर्गत लखनादौन, बरघाट, कहानी में हरिभूमि अखबार की एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति सुरक्षा निधि के साथ संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय
प्लाट नं. 66/1 इंडस्ट्रियल एरिया,रिछाई जबलपुर (म.प्र)
मोबाइल नंबर
9340637789
9479623424

## बजरंग कृषि केंद्र को किया गया सील

# 510 क्विंटल से अधिक धान बीज के अवैध भंडारण पर बजरंग कृषि केंद्र कोसमी के प्रोपराइटर पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



किसानों के हितों की सुरक्षा और कृषि आदानों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए परसवाड़ा तहसील के ग्राम कोसमी स्थित बजरंग कृषि केंद्र में 510 क्विंटल 79 किलोग्राम धान बीज का अवैध भंडारण पकड़ा है। मामले में किसानों के साथ धोखाधड़ी की आशंका को देखते हुए कृषि केंद्र को सील कर दिया गया है तथा संचालक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है।

जानकारी के अनुसार 23 मई 2026 को सहायक संचालक कृषि श्री राजेश खोबरागड़े, अनुविभागीय अधिकारी कृषि परसवाड़ा श्री एस.आर. धुर्वे, बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक निरीक्षक तथा कृषि विकास अधिकारी सुश्री प्रीति पंद्राम द्वारा ग्राम कोसमी स्थित बजरंग कृषि केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र में उपलब्ध धान बीज के स्टॉक एवं संबंधित अभिलेखों की गहन जांच की गई। जांच में पाया गया कि केंद्र के प्रोपराइटर सूरजलाल हिरवाने द्वारा निर्धारित नियमों का उल्लंघन करते हुए बड़ी मात्रा में धान बीज का भंडारण किया गया था। अधिकारियों को केंद्र में श्री सीड्स, सोमाजीगुड़ा (हैदराबाद) कंपनी का 462 क्विंटल 70 किलोग्राम तथा सीड वर्क इंटरनेशनल लिमिटेड, गोड़ावेली, मलकाजगिरी (तेलंगाना) कंपनी का 48 क्विंटल 09 किलोग्राम धान बीज अवैध रूप से भंडारित मिला। इस प्रकार कुल 510 क्विंटल 79 किलोग्राम धान बीज का नियम विरुद्ध भंडारण पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए कृषि केंद्र को सील कर दिया गया।

कृषि विभाग की जांच में यह भी सामने आया कि अवैधानिक तरीके से बीज का भंडारण कर किसानों को भ्रमित करने एवं उनके साथ धोखाधड़ी किए जाने की आशंका है। मामले को गंभीरता से लेते हुए बीज निरीक्षक एवं कृषि विकास अधिकारी सुश्री प्रीति पंद्राम ने 4 जून 2026 को परसवाड़ा थाना पहुंचकर बजरंग कृषि केन्द्र के संचालक सूरजलाल हिरवाने के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर परसवाड़ा पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 314(4), बीज अधिनियम तथा अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस एवं कृषि विभाग द्वारा मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।कृषि विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्था को बख्शा नहीं जाएगा। जिले में बीज, उर्वरक एवं कीटनाशकों के विक्रय एवं भंडारण पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई को कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता बनाए रखने तथा किसानों को गुणवत्तायुक्त कृषि आदान उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## ट्रामा सेंटर से महिला के गहने चोरी, संदिग्ध महिला कैमरे में कैद, पुलिस कर रही है पड़ताल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



**बालाघाट जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती एक महिला के बैग से जेवर और नकदी चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने अस्पताल प्रबंधन और पुलिस से शिकायत की है। मामले की जांच के लिए सीसीटीवी फुटेज देखी जा रही है।**

कौशल बांगरे नाम की महिला ग्रामीण क्षेत्र से इलाज कराने और अपने बेटे का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने जिला अस्पताल पहुंची थीं। उन्होंने बताया कि गुरुवार रात उनकी मुलाकात एक महिला से हुई थी। महिला ने बताया था कि उसकी बहन और जीजा अस्पताल में भर्ती हैं। दोनों के बीच बातचीत भी हुई थी।

कौशल बांगरे के अनुसार, शुक्रवार सुबह वह मुंह-हाथ धोने गई थीं। इसी दौरान वह महिला पानी लाने की बात कहकर वहां से चली गई। कुछ देर बाद जब उन्होंने अपना बैग देखा तो उसमें रखा छोटा पर्स गायब था। पर्स में मंगलसूत्र, गले की मनी, कान के झुमके और 500 रुपये नकद रखे हुए थे। जेवर और नकदी नहीं मिलने पर महिला ने तुरंत अस्पताल प्रबंधन, अस्पताल चौकी और कोतवाली पुलिस को सूचना दी।शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच शुरू की। जांच के दौरान एक संदिग्ध महिला कैमरे में दिखाई दी है। पुलिस उसकी पहचान करने और तलाश में जुटी हुई है।

महिला आरक्षक भी पीड़िता के साथ अस्पताल पहुंची और फुटेज की जांच की गई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही संदिग्ध महिला तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

जिला अस्पताल में इससे पहले भी मोबाइल और नकदी चोरी होने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। अब ट्रॉमा सेंटर में भर्ती महिला के जेवर चोरी होने के बाद अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. आशुतोष बांगरे ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद मामले की जानकारी ली गई है। सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध महिला नजर आई है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस और अस्पताल प्रशासन मामले की जांच में जुटे हुए हैं।

## सड़क दुर्घटना में गर्रा निवासी रिंकु डहरवाल की मृत्यु

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गर्रा में शुक्रवार शाम एक सड़क हादसे में ढाबा संचालक रिंकु डहरवाल (43) की मौत हो गई। उनकी मोटरसाइकिल को एक बुलेरो वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार, रिंकु डहरवाल गर्रा स्थित नीलामी काष्ठागार डिपो के सामने डहरवाल ढाबा संचालित करते थे। शुक्रवार शाम करीब 4 से 5 बजे के बीच वे ढाबे के लिए सामान लेकर लौट रहे थे। इसी दौरान एक बुलेरो वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

हादसे के बाद रिंकु डहरवाल के परिजन और परिचित कोतवाली थाना पहुंचे। उन्होंने आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उनका आरोप है कि चालक शराब के नशे में वाहन चला रहा था, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई।

मृतक के मित्र मुकेश मंडलेकर ने बताया कि रिंकु अपने ढाबे के लिए जरूरी सामान लेकर वापस आ रहे थे। तभी तेज रफ्तार बुलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसा इतना गंभीर था कि उनकी जान नहीं बचाई जा सकी।

पुलिस ने दुर्घटना में शामिल बुलेरो वाहन को जब्त कर लिया है और चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार चालक का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि वह नशे की हालत में था या नहीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं रिंकु डहरवाल के शव का पोस्टमार्टम शनिवार को कराया जाएगा।

## मायरा रिसोर्ट संचालक समेत 13 लोगों पर 4.99 करोड़ रुपये का जुर्माना

# निजी भूमि से मिट्टी-मुरम के अवैध उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बैहर तहसील के ग्राम गोहारा में निजी भूमि से बिना वैधानिक अनुमति के बड़े पैमाने पर मिट्टी एवं मुरम के अवैध उत्खनन और परिवहन के मामले में प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। अपर कलेक्टर बैहर डी.पी. बर्मन ने मायरा रिसोर्ट के संचालक सहित 13 व्यक्तियों पर कुल 4 करोड़ 99 लाख 6 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। संबंधित पक्षों को यह राशि 30 दिनों के भीतर अपर कलेक्टर न्यायालय में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं करने पर दंड राशि बढ़कर 9 करोड़ 98 लाख 10 हजार रुपये हो जाएगी, जिसकी वसूली भू-राजस्व बकाया की तरह की जाएगी।

**35 हजार घन मीटर से अधिक मिट्टी-मुरम का अवैध उत्खननः** प्रशासनिक जांच में सामने आया कि ग्राम गोहारा स्थित निर्माणाधीन मायरा रिसोर्ट परिसर के लिए निजी भूमि से लगभग 35 हजार 270 घन मीटर मिट्टी एवं मुरम का अवैध रूप से उत्खनन कर परिवहन किया गया। यह उत्खनन ग्राम गोहारा के भूमि स्वामियों इतवारी गोंड, निस्तोर, मनोहर, अनुस्तिन, चैनसिंह, सीताबाई, मेतुबाई और शांताबाई की भूमि से किया गया। जांच में यह भी पाया गया कि उत्खनन एवं परिवहन कार्य में जेसीबी मशीनों तथा डम्पर वाहनों का उपयोग किया गया। संबंधित वाहनों में जेसीबी क्रमांक एमपी-50-डीए-0714, एमपी-50-डीएम-436 तथा डम्पर एमपी-50-जेएच-4138 शामिल हैं।

**रॉयल्टी की 15 गुना राशि का अर्थदंडः** अपर कलेक्टर न्यायालय बैहर द्वारा मध्यप्रदेश खनिज नियमों के तहत अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रॉयल्टी की 15 गुना राशि के रूप में 2 करोड़ 49 लाख 52 हजार 500 रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। इसके अतिरिक्त समान राशि पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप में तथा 1,000 रुपये प्रसमन शुल्क लगाया गया है। इस प्रकार मायरा रिसोर्ट के संचालक, संबंधित भूमि स्वामियों, जेसीबी एवं डम्पर मालिकों, चालकों तथा ट्रैक्टर मालिकों पर कुल 4 करोड़ 99 लाख 6 हजार रुपये का दंड अधिरोपित किया गया है।

मामले में जब्त किए गए डम्पर एवं जेसीबी मशीनों को मालिकों के सुपुर्द तो किया गया है, लेकिन इस शर्त के साथ कि वे वाहनों का विक्रय, हस्तांतरण, रंग-रोगन या किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन नहीं करेंगे। न्यायालय द्वारा मांग किए जाने पर संबंधित वाहन 24 घंटे के भीतर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**राशि जमा नहीं करने पर होगी राजस्व वसूलीः** प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि मायरा रिसोर्ट संचालक एवं अन्य जिम्मेदार पक्ष निर्धारित 30 दिनों के भीतर अपने हिस्से की राशि जमा नहीं करते हैं, तो उनके विरुद्ध भू-राजस्व संहिता के तहत बकाया वसूली की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

इसके अलावा परिवहन अधिकारी को संबंधित डम्पर मालिक के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई कर 30 दिनों के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई को जिले में अवैध खनन और पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध अब तक की महत्वपूर्ण कार्रवाइयों में से एक माना जा रहा है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर बालाघाट का प्रदेश में परचम



### तीन श्रेणियों में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर जिले ने बढ़ाया गौरव

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश शासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण एवं उत्कृष्ट पर्यावरण प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शैक्षणिक संस्थानों, औद्योगिक इकाइयों, खनन परियोजनाओं, नगरीय निकायों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं अन्य संस्थानों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 05 जून को भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस वर्ष बालाघाट जिले के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि रही कि प्रदेश स्तर पर विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किए गए 11 प्रमुख पुरस्कारों में से 3 प्रथम पुरस्कार बालाघाट जिले की संस्थाओं को प्राप्त हुए हैं। इस अवसर पर पर्यावरण राज्य मंत्री श्री दिलीप अहीरवार भी उपस्थित थे। यह कार्यक्रम भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित किया गया।सबसे बड़ी उपलब्धि बालाघाट जिले के वारासिवनी विकासखंड अंतर्गत ग्राम खापा स्थित विसाग बायोफ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड को मिली। प्रदेश की लगभग 3,000 से अधिक बड़ी औद्योगिक इकाइयों के बीच अति प्रदूषणकारी उद्योग (**Highly Polluting Industry**) श्रेणी में संचालित इस ग्रेन आधारित इथेनॉल संयंत्र को उत्कृष्ट पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा सर्वोत्तम पर्यावरण प्रबंधन के लिए प्रदेश का प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान न केवल विसाग बायोफ्यूल्स के लिए बल्कि पूरे बालाघाट जिले के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। यह पुरुष्कार विसाग बायोफ्यूल्स के संचालक श्री अतुल वैद्य द्वारा प्राप्त किया गया।

कार्यालय कृषि उपज मडी समिति मोहगांव जिला-बालाघाट (म.प्र.)

क्रं./मंडी/तौलकांटा/2026-27/142 मोहगांव, दिनांक-5/6/2026

//निविदा आमंत्रण सूचनाः- द्वितीय आमंत्रण//

कृषि उपज मंडी समिति मोहगांव 'घ' श्रेणी' मंडी द्वारा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एण्ड ट्रांसफर (बी.ओ.टी.) के तहत संरचना की स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक 2026_MPSAM_512691_1 के अंतर्गत ऑन लाईन निविदायें दिनांक 19.06.2026 को शाम 3:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म०प्र० शासन के ई-निविदा के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल www.mpmandiboard.co.in पर भी अवलोकनीय होगी।

नोटः- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति
मोहगांव

## किसान गर्जना संगठन की बैठक में उबाल, डीजल-खाद-बिजली को लेकर सरकार पर बरसे पदाधिकारी, 15 दिन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

मध्यप्रदेश के धान का कटोरा कहे जाने वाले बालाघाट जिले में खेती का सीजन शुरू होते ही किसान संकट में घिर गए हैं। शुक्रवार 5 जून की शाम 4 बजे विश्राम गृह कटंगी में किसान गर्जना संगठन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया और पेट्रोल डीजल के बढ़ते दाम, डीजल की किल्लत, खाद की कालाबाजारी और अघोषित बिजली कटौती को लेकर प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। संगठन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार को चेतावनी दी है कि अगर 15 दिन के भीतर किसानों की मांगें पूरी नहीं की गईं तो उग्र आंदोलन शुरू होगा। किसानों का कहना है कि अगर समय पर डीजल नहीं मिला तो धान की रोपाई पिछड़ जाएगी और मध्यप्रदेश का धान का कटोरा सूखाग्रस्त हो जाएगा। किसान गर्जना संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष भरतलाल बिसेन ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि जून की शुरुआत होते ही किसानों ने खेतों में ट्रैक्टर लगाकर भूमि तैयार करना शुरू कर दिया है। लेकिन डीजल पंप पर मिल नहीं रहा है। जो मिल रहा है वह केन में नहीं दिया जा रहा। ट्रैक्टर चालक और मालिक परेशान हैं।

किसानों का सबसे बड़ा मुद्दा पेट्रोल डीजल के लगातार बढ़ते दाम रहे। किसान गर्जना संगठन के पदाधिकारियों ने आंकड़ों के साथ बताया कि भारत के भीतर मध्यप्रदेश में पेट्रोल डीजल सबसे महंगा बिक रहा है। प्रदेश सरकार पेट्रोल डीजल पर वैट, सेस और अन्य चार्ज लगाकर जनता से बेतहाशा वसूली कर रही है। पिछले साल इस समय डीजल 88 रुपए लीटर था। अब यह 95 रुपए के पार पहुंच गया है। ट्रैक्टर एक घंटे में 4 से 5 लीटर डीजल खाता है। एकड़ जमीन तैयार करने में 8 से 10 लीटर डीजल लग जाता है। पहले जहां 800 रुपए में एकड़ तैयार हो जाता था, अब 1000 रुपए से ज्यादा खर्च आ रहा है। खेती पहले से ही घाटे का सौदा है। ऊपर से डीजल महंगा होने से लागत और बढ़ गई है। किसान ने कहा कि हम फसल बेचते हैं तो दाम नहीं बढ़ते, लेकिन खेती के लिए लगने वाली हर चीज का दाम बढ़ जाता है। यह कैसा न्याय है?

NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त...
रोजगार हेतु नियमित केम्पस
न्यूनतम शुल्क
सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार
स्वामी विवेकानन्द प्रा. I.T.I.
Admission Open
इलेक्ट्रिशियन
फिटर
मोती तालाब के पास, सुरभि नगर, बालाघाट, मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832

ओरिएण्टल इंजीनियरिंग कॉलेज लालबर्रा (बालाघाट)
B.Tech
+ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
+ सिविल इंजीनियरिंग
+ मैकेनिकल इंजीनियरिंग
+ कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
Polytechnic
+ माइनिंग एंड माइन सर्वेइंग
+ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
+ सिविल इंजीनियरिंग
+ मैकेनिकल इंजीनियरिंग
+ कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
प्रवेश प्रारंभ 2026-27
Balaghat Road Lalburra,Teh, Lalburra, Dist. Balaghat M.P. 9202131331, 9202121331

DGET/NCVT/ से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
जिले की एक मात्र ISO-9001-2008 प्रमाणित संस्था
अरिहंत प्रा.आई.टी.आई.
लालबर्रा रोड गर्रा बालाघाट फोन - 6263882617, 9425875737
- ट्रेड -
इलेक्ट्रीशियन
फिटर
अरिहंत इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्यूटर्स & आई.
फोन - 7999525911, 9425892823
BCA
M.Sc.(CS)
DCA
PGDCA
विशेषताएं:-

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time/Full Time
PHARMACY
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agri) Engg.
• M.Sc. (Ag.)
ABM
LAW • B.A. LL.B. • LL.B. • LL.M.
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111

## बाढ़ एवं अतिवृष्टि से निपटने के लिए संभाग आयुक्त द्वारा वर्षा पूर्व तैयारियों की समीक्षा

**बालाघाट।** जबलपुर संभागायुक्त श्री धनंजय सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी कलेक्टर्स से वर्षा पूर्व तैयारियों के अंतर्गत चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए अतिवृष्टि या बाढ़ जैसी परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के बेहतर कार्ययोजना बनायें। बैठक में कलेक्टर्स ने अपने-अपने जिलों में की गई तैयारियों की जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में मध्यप्रदेश शासन के राजस्व विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय सीमा में पूर्ण करने तथा किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कार्यालय ग्राम पंचायत गर्रा
जनपद पंचायत लालबर्रा, जिला बालाघाट

// निविदा सूचना//

क्रमांक/289 दिनांक 05/06/2026

विषयांतर्गत लेख है कि ग्राम पंचायत गर्रा में वित्तीय वर्ष 2026-2027 में VB-G RAM G एवं 15वां वित्त, 16वां वित्त, 5वां वित्त, 6वां वित्त विधायक निधि, सांसद निधि एवं अन्य सभी योजना अन्तर्गत निर्माण कार्यों में सामग्री सप्लायर हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा मुहर बंद लिफाफे में दिनांक 05/06/26 से दिनांक 15/06/2026 तक कार्यालीन समय पर कार्यालय ग्राम पंचायत गर्रा के लिये आमंत्रित है। सामग्री में- सीमेंट, ईट, गिट्टी, लोहा, रेत, मुरम, पानी टैंकर, मिक्चर मशीन, सेंटिंग, वाइब्रेटर मशीन आदि। कम दरों में सामग्री उपलब्ध कराने वाले सप्लायर वेंडर दुकानों को प्राथमिकता दी जाएगी। निविदा खुलने का समय दिनांक 15/06/2026 को समय 12.00 बजे रहेगा। निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का मान्य होगा।

वैभव सिंह बिसेन
सरपंच

विकास मेश्राम
सचिव

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत गर्रा